# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 06 मार्च 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

Total Short Notice Question- 14

----

### पथ की मरम्मती

***36 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के कहतरवा से मुंशी चौक किशनपुर तक की सड़क काफी जर्जर रहने के कारण आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### सड़क का निर्माण कबतक

***37 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सूर्यगढ़ा स्थित किउल नदी पर बने पक्का पुल के उद्घाटन

के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मोकामा भाया बड़हिया, खुटहा, पुरानीडीह, अकबरपुर चालिस होते हुए मुंगेर तक बांध सह सड़क बनाने की घोषणा की गई थी, किन्तु आजतक उक्त घोषित आश्वासन को अमलीजामा नहीं दिया जा सका है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अपने घोषित आश्वासन के अनुरूप सड़क निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## खाद्य उपलब्ध कराने हेतु

*38 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के विभिन्न प्रखण्डों में खाद की काफी किल्लत है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के किसानों के खाद लेने के लिए केन्द्रों पर लंबी लाईन के साथ-साथ सरकार द्वारा निर्धारित खाद की राशि से ज्यादा राशि भुगतान कर किसानों द्वारा खाद खरीदी जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों की समस्या को देखते हुए उक्त जिला में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराकर उचित मूल्य पर किसानों के बीच वितरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ससमय भुगतान कबतक

*39 **श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन का एक वर्ष पूर्ण हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि इन्हें सारण जिला के तरैया प्रखंड समेत प्रदेश के सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का मानदेय जनवरी, 2023 तक का भुगतान नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायती राज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का मानदेय ससमय भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कबतक

***40 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों के लिए मुख्यालय स्तर के पदाधिकारियों की 19 टीमें गठित की गई हैं;

(ख) क्या यह सही है कि टीम के सदस्य हर एक जिले में जाकर कम से कम 30 किसानों से बात कर निर्धारित मूल्य पर उर्वरक बिक्री, खाद की उपलब्धता, पीओएस मशीन में प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा तथा उनका सत्यापन करेंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि खाद की किल्लत दूर करने हेतु गठित टीम के द्वारा की गई कार्रवाई एवं फलाफल से सदन को अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

***41 डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला, आमस प्रखंड की रामपुर पंचायत में रोड जर्जर हो जाने से गिही रोड, नौगढ़ से पतेज गांव तक के रोड पर काफी भार आ गया है, जिससे यह भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त रोड जर्जर हो जाने से इससे संबंधित गांव के लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित रोड का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का शीघ्र निर्माण हेतु

***42 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल आरा के अधीन एन.एच.- 84 (फोरलेन- 922) मिल्की कोठी से रामपुर मिल्की ग्राम तक सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि एन.एच.- 84 (फोरलेन-922) मिल्की कोठी से रामपुर मिल्की ग्राम तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है तथा बरसात के दिनों में सड़क में पानी भर जाने के चलते ग्रामीण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को शीघ्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण कबतक

*43 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखंड परिहार में बेला मच्छ पकौनी से गौरहारी ब्रह्मस्थान से मोहनपुर टोला तक सड़क अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कराना अति आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित स्थानों तक कबतक सड़क निर्माण कराना चाहती है?

----

## बकाया वेतन कबतक

*44 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों का वेतन पिछले 2-3 वर्षों से बकाया है;

(ख) क्या यह सही है कि कई पंचायत प्रतिनिधि भूतपूर्व भी हो गए हैं और वेतन बकाया रहने के कारण उन्हें काफी दिक्कत हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों के सभी बकाया वेतन का एकमुश्त शीघ्र भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पक्की सड़क का निर्माण कबतक

*45 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत मनेर प्रखंड के किता चौहत्तर मध्य पंचायत के इस्लामगंज टोला एवं हजवा टोला पर पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं मुस्लिम लोगों की लगभग 3000 हजार आबादी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों टोला राजस्व ग्राम है, एवं दोनों टोला तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त टोलों के लोगों के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## धान की खरीद कबतक

***46 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला में कृषि विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1 लाख 65 हजार 550.111 मीट्रिक टन धान की उपज हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार निर्धारित 61 हजार, 455 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य पूर्ण नहीं कर पाई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसानों से धान की फसल खरीदने का निर्धारित लक्ष्य कबतक पूर्ण करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

***47 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड में बड़ी बरिसवन ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन में नियम की अवहेलना की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम में आवास आवंटन में लाभार्थियों में 25 ऐसे लोग शामिल हैं जिनको

2-2 (दो-दो) आवास आवंटित किए गए है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त गांव की मोतीक्षरी देवी, पति- राम ततवां, उषा देवी, पति-धर्मेन्द्र राम, बालकेसरी देवी, पति-जवाहिर राम, गुडि़या देवी, पति-विरेन्द्र गौड़, खदीजन खातून, पति-फूल मोहम्मद मियां, मंगरी देवी, पति-गणेश राम, माया देवी, पति छठ्ठू लाल राम, रामकिशुन यादव, पिता-लोरिक यादव, रंभा देवी, पति-योगेंद्र पासवान, रेखा देवी, पति-अनिल यादव, रिंकू देवी, पति-अमरनाथ पासवान, शैदा बीबी, पति-अलाउद्दीन, अनीता देवी, पति-हरेन्द्र पासवान, शारदा देवी, पति-हरपाल पासवान, श्रीमती मुन्नी देवी, पति-हरेन्द्र पासवान, सुधा देवी, पति-भूखन यादव, उर्मिला देवी, पति-गौरीशंकर गौड़, विनोद राम, पिता-स्वर्गीय झपड़ राम, जमीला देवी, पति-शम्सुद्दीन अंसारी, निर्मला देवी, पति-बबन राम, आयशा खातून, पति-नसरुद्दीन, धनामनी देवी, पति श्रीराम राम, वकुली राम, पिता-गिरधारी राम, रातुन बीबी, पति-शफीक मियां को 2-2 (दो-दो) आवासों का आवंटन किया गया है एवं जिलाधिकारी भोजपुर के आदेश पर डीआरडीए के निदेशक ने जांचोपरान्त उपर्युक्त मामले में अनियमितता की पुष्टि की है तथा समुचित कार्रवाई की अनुशंसा की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बड़े पैमाने पर बरती गई अनियमितताओं के दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापन कबतक

***48 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पटना के पत्रांक 3026 दिनांक 15.10.2016 द्वारा सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को Bare Foot Technician परीक्षा में सफल 39 अभ्यर्थियों की सूची समर्पित की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि 39 अभ्यर्थियों में से बचे हुए 9 अभ्यर्थियों का पदस्थापन आज तक प्रखंडों में नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि 6 वर्ष बीतने के बावजूद पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का पदस्थापन नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'ख' में वर्णित बचे हुए शेष 9 अभ्यर्थियों का पदस्थापन कबतक प्रखंडों में करना चाहती है?

----

## पथ का निर्माण

***49 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के इमामगंज प्रखंड के गंगटी मुख्य पथ से शमशाबाद होते हुए चपरी तक के पथ की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कारण वाहनों एवं आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----